—: परियोजना का औचित्य :—

विषयः— जनपद सोनभद्र में पी0एम0जी0एस0वाई0 खण्ड, लो0नि0वि0, सोनभद्र भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (एल0डब्लू0ई0) के अन्तर्गत सुअरसोत खुर्द से शिरसिया मार्ग किमी0 0.000 से 19.200 तक के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण हेतु कुल 11.7900 हे0 वन भूमि के गैर वानिकी उपयोग के अनुमति हेतु प्रस्ताव।

उक्त मार्ग की लम्बाई 19.200 किमी0 है। यह मार्ग ग्राम सुअरसोत खुर्द से सिरसिया ग्राम को जोड़ता है, जो ग्राम माची, नगवा, सिलहट, पनिकपकला, गुल्ली दाण्ड, सैदा एवं चांदपुरा ग्रामों को जोड़ता है। इस मार्ग के निर्माण से उक्त ग्रामों की लगभग 1953 आबादी लाभान्वित होगी। नक्सल गतिविधियों को रोकने हेतु इस मार्ग पर सुरक्षाबलों को निर्बाध एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित हो सकेगा एवं इस मार्ग पर मांची थाना है। नक्सल गतिविधियों को रोकने के लिए मुख्य मार्ग है।

मार्ग के उच्चीकरण से सुरक्षाबलों को निर्बाध एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित हो सकेगा, जिससे नक्सल गतिविधियों के उन्मूलन में प्रभावी कार्यवाही हो सकेगी। स्थानीय लोगों को रोजगार मिलने से नक्सल प्रभावित इस क्षेत्र के चहुमुखी विकास का मार्ग प्रसस्त होगा। वनवासी नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं तक पहुंच उपलब्ध कराने के साथ उत्पादन को मण्डी तक पहुंचाने में भी सहायक सिद्ध होगा, जिससे वहां पर रहने वाले जनता एवं उनके परिवारों को रोजगार की उपलब्धता होगी, क्षेत्र का आर्थिक एवं सामाजिक विकास होगा। सम्बन्धित मार्ग के दोनो ओर बसे अनेक ग्रामों का चहुमुखी विकास होगा तथा उपरोक्त ग्रामों में रहने वाले सभी परिवार एवं सम्पूर्ण जनसंख्या लाभान्वित होगी।

अधिशासी अभियंता
पी0 एम0 जी0 एस0 वाई0
खण्ड लो0 नि0 वि0 सोनभद्र

प्रतिहस्ताक्षरित

प्रभागीय वनाधिकारी
सोनभद्र वन प्रभाग
सोनभद्र